एक नजर में



## डमरू और नासिक के ढोल की गूंज

**उज्जैन।** शहर में शनिदेव जयंती के अवसर पर बुधवरिया और क्षिप्रा नदी स्थित छोटे पुल के शनि मंदिरों में 15 और 16 मई को हुए आयोजनों में नन्हे बालक-बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत झांझ, डमरू और नासिक ढोल की मंगल ध्वनि से पूरा उज्जैन शहर गूंज उठा। आयोजनों में चैतन्य भैरव झांझ मंडली, जय गजानन नारी शक्ति और नासिक ढोल पार्टी ने विशेष रूप से सहभागिता की। दोनों ही स्थानों पर कोच पूजा चौहान के कुशल मार्गदर्शन में नन्हें बाल कलाकारों ने अपनी पूरी ऊर्जा के साथ झांझ, डमरू और नासिक ढोल की ऐसी मनमोहक व जोरदार प्रस्तुति दी कि उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। नदी स्थित छोटे पुल के शनिदेव मंदिर में 16 मई को गब्बर बाबा मित्र मंडली द्वारा गब्बर बाबा और धर्मेंद्र जोशी के नेतृत्व में शनिदेव जयंती का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे और भोजन का आयोजन किया गया। इससे पहले 15 मई को बुधवरिया क्षेत्र स्थित शनिदेव मंदिर में भी शनिदेव मंदिर मित्र मंडली द्वारा जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने और संपूर्ण व्यवस्था संभालने में छह बालिकाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की कमान विशेष रूप से सुहाना, सुभिका, नैंसी, अंजलि, लावण्या और माही ने संभाली।




## जज़्बा सोशल फाउंडेशन का शिविर संपन्न

**उज्जैन।** सब्जी मंडी स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में जज़्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप में बच्चों को चार भाषाओं और विभिन्न खेलकूद का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप में बच्चों को संबोधित करते हुए पत्रकार अर्जुन चंदेल ने कहा कि चार भाषाओं का ज्ञान और शारीरिक विकास के लिए कूडो, बैडमिंटन, रस्सी कूद व शतरंज जैसी गतिविधियों का नि:शुल्क संचालन बहुत सराहनीय कार्य है। विशेष अतिथि डॉ. विनय बैरागी ने कहा कि इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियां पूरे समाज को जोड़ने का काम करती हैं। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. शोएब पटेल ने कहा कि लगातार ऐसी रचनात्मक गतिविधियों का संचालन अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। ज़मीर उल हक और हारून नागौरी ने बताया कि कार्यक्रम को शादाब लाला ने भी संबोधित किया। अतहर आलम अंसारी और फैज़ जाफरी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। सादिक खान और वसीम अब्बास के अनुसार संस्था की विस्तृत गतिविधियों की जानकारी इंजीनियर सरफराज कुरैशी ने दी। संचालन नईम खान ने किया तथा आभार समीर उल हक ने माना। इस अवसर पर रशीद खान, नवेद खान, परवेज़ खान, ज़हीर शेख, शाइस्ता परवीन, शाहिना और आमिर कुरैशी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पं. व्यास को उपाध्यक्ष का दायित्व



**उज्जैन।** अखिल भारत हिन्दू महासभा में कार्यकारिणी के पुनर्गठन एवम् संगठन विस्तार को धार देने हेतु अखिल भारत हिन्दू महासभा स्थापना दिवस पर दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें मध्य प्रदेश सहित राष्ट्र के अन्य प्रदेशों में संगठन के पुनर्गठन एवम् विस्तार का निर्णय लिया गया था। उसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश अध्यक्ष रोहित दुबे, प्रदेश महामंत्री विनोद जोशी की सहमति और प्रदेश संगठन मंत्री लाल शर्मा की अनुशंसा पर उज्जैन से पं. गोपाल व्यास को अखिल भारत हिन्दू महासभा मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया है। व्यास को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हिन्दू महासभा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ ही सनातनी समाज के संतों और गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# डीजीपी का रिश्तेदार बन वन विभाग में नौकरी का दिया झांसा

### 12 युवकों से ठगे 25 लाख, प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने शुरू की तलाश

**उज्जैन।** पुलिस डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायती आवेदनों की जांच पर मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। अब तक 10 से 12 युवक सामने आ चुके है, सभी एक गांव के रहने वाले है।

महिदपुर थाना पुलिस ने बताया कि कुछ समय पहले ग्राम तालोद चिंतामण क्षेत्र के रहने वाले फतेहसिंह पिता भैरुसिंह ने आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान ग्राम झरखेड़ी में रहने वाले बालू पिता भैरुसिंह चौहान से वर्ष 2022 में हुई थी। उसने खुद को पुलिस विभाग के डीजीपी का रिश्तेदार होना बताया और वन विभाग में नौकरी दिलाने की बात कहीं। उसने वन विभाग में कई पद खाली होने की बात कहीं थी। नौकरी मिलने की आस में उससे जानकारी मांगी गई। उसने शिक्षा संबंधित दस्तावेज (मार्कशीट), आधार कार्ड मांगा। वहीं 80 हजार रुपए की बात कही। दस्तावेजों के साथ रुपए देने के बाद परीक्षा होने की बात कही। उसने अन्य पदों के लिये भी युवकों की बात कहीं। जिसके चलते गांव तालोद के 10-12 युवकों को वन विभाग में नौकरी के पद खाली होने की बात कहीं। गांव के जितेन्द्र चंद्रवंशी, विकास सूर्यवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी सहित अन्य भी नौकरी पाने के लिये तैयार हो गये।

### सभी को अलग-अलग झारडा कटन चौराहे पर बुलाया

सभी को डीजीपी का रिश्तेदार बताने वाले बालूसिंह ने झारडा कटन चौराहा चाय की दुकान पर अलग-अलग बुलाया और दस्तावेजों के साथ किसी से ढाई लाख, किसी से डेढ़ लाख, एक लाख रुपए लिये, करीब 25 लाख के लगभग लेने के बाद कई दिनों तक टाल-मटौल करता रहा। नौकरी नहीं मिलने पर रुपए लौटाने की बात कहीं तो जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रधान आरक्षक चौहान के अनुसार थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार के निर्देशन में शिकायती आवेदनों की जांच शुरू की गई। जिसमें 10 से 12 युवकों के साथ धोखाधड़ी होना सामने आने पर मामले में बालूसिंह के खिलाफ धारा 420, 120 बी, 294, 506 भादवि का प्रकरण दर्ज कर लिया गया।

### रेलवे ट्रेक पर मिली महिला की कटी लाश

उज्जैन। रविवार सुबह नईखेड़ी रेलवे ट्रेक पर महिला की कटी हुई लाश मिलना सामने आया है। महिला झिरन्या की रहने वाली थी। मामला आत्महत्या का सामने आया है पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर जांच शुरू की है। भैरवगढ़ थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रतापसिंह राजावत ने बताया कि सुबह नईखेड़ी रेलवे ट्रेक पर एक महिला के ट्रेन से कटने की जानकारी सामने आने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। इस दौरान सामने आया कि महिला का सिर और हाथ-पैर धड़ से अलग हो चुके हैं। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से कटकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा था। मृतक महिला की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए गए। कुछ देर बाद सामने आया कि मृतक महिला झिरन्या की रहने वाली है। जिसके चलते पुलिस द्वारा ग्राम झिरन्या के लोगों को सूचना देकर घटनास्थल बुलाया। महिला की पहचान नीलम पिता सोनू भामी के रूप में हुई। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि दो बच्चों की मां है और 10-11 साल पहले प्रेम विवाह किया था। पति बाहर गया हुआ है महिला रात को घर से निकली थी। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे आशंका है कि पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने आत्महत्या की है।

### देवर ने किया दुष्कर्म, पति-सास बने सहयोगी

उज्जैन। नागदा थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के साथ देवर ने अनैतिक कृत्य किया। विरोध करने पर पति और सास ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। अनैतिक कृत्य के बाद देवर महिला को अपने साथ दूसरे स्थान पर भी ले गया, जहां धमकाकर गलत काम किया। देवर के साथ पति और सास के शामिल होने पर महिला ने मामले की शिकायत नागदा थाने पहुंचकर दर्ज कराई। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि मामला गंभीर होने पर देवर के खिलाफ दुष्कर्म करने और पति-सास के खिलाफ अनैतिक कृत्य में सहयोग करने और धमकाने का मामला दर्ज किया।

## गढ़कालिका मंदिर में किन्नर साध्वी ने किया आत्मदाह का प्रयास

**उज्जैन।** राजा विक्रमादित्य की आराध्य देवी गढ़कालिका मंदिर में रविवार दोपहर आरती के दौरान किन्नर अखाड़े की साध्वी और पुजारी के बीच दर्शन को लेकर विवाद हो गया। मामले में तूल पकड़ा और किन्नर साध्वी ने आत्मदाह का प्रयास किया जिसे लोगों ने बचाया। घटनाक्रम सामने आने पर प्रशासन और पुलिस की टीम मंदिर पहुंच गई थी।

प्रसिद्ध गढ़कालिका मंदिर में रविवार को दर्शन व्यवस्था को लेकर किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर महाकालीनंद गिरी और पुजारी पक्ष के बीच तीखी बहस हो गई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की और हंगामे में बदल गई। रविवार की भीड़ के दौरान मंदिर के अंदर खड़े होने और प्रवेश की बात पर शुरू हुए विवाद के बीच साध्वी द्वारा मंदिर परिसर में ही पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की गई, जिसे वहां मौजूद लोगों ने बचाया। इस दौरान मंदिर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### अभद्र व्यवहार और धक्का मुक्की का आरोप

किन्नर साध्वी ने पुजारी पक्ष पर अभद्र व्यवहार और धक्का-मुक्की का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की, जबकि मंदिर प्रशासक मूलचंद जाटवा ने इसे गलतफहमी बताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित होने के कारण साध्वी को साइड में खड़े होने के लिए कहा गया था। जिसको लेकर उन्होंने विवादित शुरू कर दिया। गढ़ कालिका मंदिर में विवाद की जानकारी लगते ही कलेक्टर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने एसडीएम एलएन गर्ग को जांच के निर्देश दिए। वहीं मामले की जानकारी लगने पर जीवाजी गंज थाना पुलिस भी मंदिर पहुंच गई थी। सीएसपी पुष्पा प्रजापति ने बताया कि मामला शांत कर दिया गया है। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

## युवक को बदमाशों ने मारे चाकू

**उज्जैन।** शनिवार को अमावस्या होने पर सिद्धवट मंदिर आए युवक को लौटते समय दो युवकों ने रोक लिया और चाकू मार दिए। बदमाशों द्वारा शराब पीने के रुपए मांगे जा रहे थे। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम सुलियाखेड़ी का रहने वाला लक्ष्मण पिता रामेश्वर गुर्जर 38 साल सिद्धवट मंदिर आया था। जहां से शाम को वापस लौटते समय मंदिर से कुछ दूरी पर ही सुलभशौचालय के समीप उसे दो बदमाशों ने रोका और शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगे। लक्ष्मण ने रुपए देने से इंकार किया तो गाली गलौच शुरू कर दी। जिसका विरोध किया गया तो बदमाशों ने उस पर चाकू से वार कर दिए और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। चाकूबाजी में घायल युवक की जानकारी मिलने पर उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं मामले में घायल के बयान दर्ज कर दोनो बदमाशो के खिलाफ अवैध वसूली करने और चाकू मारने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार एक बदमाश की पहचान कर ली गई है जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसके दूसरे साथी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आओ बचाएं अपना कल, लगाएं पौधे और बचाएं जल-सिंहस्थ से पहले जल संरक्षण महाअभियान

- रेनवॉटर हार्वेस्टिंग से जल सुरक्षा, जल संरक्षण का आदर्श शहर बनेगा

**उज्जैन। भीषण गर्मी, लगातार घटते भूजल स्तर और भविष्य में संभावित जल संकट को देखते हुए उज्जैन में व्यापक स्तर पर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशा के अनुरूप नगर निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है।**

*एक पौधा धरती का श्रृंगार, एक बूंद जल जीवन का आधार।*
*आओ मिलकर करें यह संकल्प, बचाएं अपना कल— पौधे और जल।*

इसका उद्देश्य केवल पानी बचाना नहीं, बल्कि आने वाले सिंहस्थ के दौरान साधु-संतों, श्रद्धालुओं और शहरवासियों के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना भी है। नगर निगम की अपील है कि प्रत्येक नागरिक अधिक से अधिक पौधे लगाए, पेड़ों का संरक्षण करे और वर्षा जल संचयन को अपनाकर जल बचाने में भागीदारी निभाएं।

नगर निगम की विशेष टीमें कॉलोनियों, बाजारों और संस्थानों में जाकर नागरिकों को वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण के महत्व की जानकारी दे रही हैं। शहरवासी भी स्वप्रेरणा से अपने भवनों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कर इस अभियान से जुड़ रहे हैं। जल संरक्षण, पौधारोपण और जनसहभागिता के समन्वय से उज्जैन आने वाले वर्षों में जल प्रबंधन का एक आदर्श और आत्मनिर्भर शहर बनकर उभरेगा।



### भूजल पुनर्भरण का वैज्ञानिक मॉडल-सिंहस्थ 2028 के लिए बड़ी तैयारी


रविवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा तथा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल की उपस्थिति में पार्षदों और अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान को घर-घर तक पहुंचाने और इसे जनभागीदारी से सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। उज्जैन नगर निगम ने ऐसा तकनीकी मॉडल अपनाया है जो उथले और गहरे दोनों जलभृतों को पुनर्जीवित करने में सक्षम है। वर्षा जल को फिल्टर कर वैज्ञानिक संरचनाओं के माध्यम से धरती के भीतर पहुंचाया जा रहा है, जिससे भूजल स्तर में सुधार होगा और भविष्य की जल सुरक्षा मजबूत होगी। सिंहस्थ में करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि उस समय उज्जैन में पेयजल की कोई कमी न हो और साधु-संतों तथा श्रद्धालुओं को निर्बाध जल उपलब्ध कराया जा सके।

### 25 को विशेष अभियान चलाया जाएगा

नगर निगम 25 मई को पूरे शहर में रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए एक दिवसीय विशेष अभियान चलाएगा। पार्षदों से कहा गया है कि वे अपने-अपने वार्डों में नागरिकों को जागरूक करें और स्वयं भी इस व्यवस्था को अपनाएं। नगर निगम ने अल्प अवधि में 907 वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण, सुधार और पुनर्स्थापन किया है। यह संरचनाएं शासकीय भवनों, विद्यालयों, उद्यानों, कॉलोनियों, पार्किंग स्थलों और जलभराव वाले क्षेत्रों में विकसित की गई हैं।

## खाटू श्याम स्वरूप में हुए शनिदेव के दर्शन, उमड़ा जनसैलाब

**उज्जैन।** हरसिद्धि चौराहे स्थित अति प्राचीन श्री सूर्यपुत्र शनिदेव भगवान मंदिर में शनि जन्मोत्सव अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान शनिदेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया और उन्होंने भक्तों को खाटू श्याम स्वरूप में दर्शन दिए। जन्मोत्सव पर आयोजित महाआरती, छप्पन भोग और 21वें विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन एवं प्रसादी का लाभ लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप और मंत्रोच्चार के बीच पूरा मंदिर परिसर जय शनिदेव महाराज, खाटू श्याम बाबा की जय और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।



मुख्य पुजारी ज्योतिषाचार्य पं. कैलाशचंद जोशी तथा दिनेश जोशी, कृष्णकांत जोशी, राज जोशी और निहाल जोशी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ। भगवान के जन्मोत्सव पर राजू नगर परिवार द्वारा विशेष फलाहारी केक और छप्पन भोग अर्पित किया गया। वहीं, विशाल भंडारे में नीलू वर्मा और जीनवाल परिवार ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाई। मंदिर से जुड़े सभी भक्तों ने आयोजन में तन-मन-धन से सहयोग दिया।

इस धार्मिक आयोजन में संयुक्त ब्राह्मण सामाजिक कल्याण समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा भार्गव, अजय शंकर तिवारी, जिलाध्यक्ष आभास शर्मा व उनकी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। साथ ही विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल से दर्शन परमार, केशव प्रखंड के अमन और उनकी टीम ने भी सहभागिता की। महाआरती में श्रवण अग्निहोत्री, मुकेश गुप्ता और शशांक ने भी प्रभु आराधना की।

### देर रात तक चला भजन और प्रसादी का दौर

कार्यक्रम में महाआरती का सुव्यवस्थित प्रबंधन पंडित शुभम पंचोली द्वारा किया गया। इस अवसर पर पत्रकार कमल चौहान, रवि चंद्रवंशी, अशोक मालवी, धर्मेंद्र राठौर, मनोज उपाध्याय, शुभम परमार, कपिल तिवारी, लखन यादव, विमल बैंडवाल, पप्पू और रवि सहित अनेक मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की सराहना की।

## रात्रि में चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** शहर के आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट एवं जूना सोमवारिया क्षेत्र पर रात्रिकालीन शिफ्ट में चौड़ीकरण कार्यों का निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निरीक्षण किया। खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट तक दोनों साइड पर नाली निर्माण के साथ पेयजल लाइन की शिफ्टिंग पूर्ण हो गई है एवं सड़क निर्माण पीक्यूसी कार्य अंतिम चरण में प्रचलित है निगम आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार को केडी गेट चौराहा प्लानिंग के साथ केडी गेट से जूना सोमवारिया तक चौड़ीकरण कार्य को गुणवत्ता पूर्वक कार्य के लिए निर्देशित किया।

## विधायक कालूहेड़ा ने घोषणा अनुसार जोड़ों को टीवी भेंट की

- पांचाल समाज के सामूहिक विवाह
- संम्मेलन में हुए थे शामिल

**उज्जैन।** ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति ने सामूहिक विवाह अक्षय तृतीया को सत्रह जोड़े का वैदिक विधान से विवाह संपन्न किया। मुख्य अतिथि उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की घोषणा अनुसार सभी नव दंपत्ति सत्रह जोड़ों को एलईडी टीवी प्रदान करने की घोषणा के अनुरूप शनिवार को 32 इंच एलईडी का वितरण कार्यक्रम बिलेश्वर महादेव गार्डन मुरलीपुरा पर हुआ। सचिव ओकारलाल पांचाल ने बताया कि प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी सामूहिक विवाह में ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति द्वारा सभी सत्रह जोड़ों को बर्तन, गृहस्थ सामग्री चांदी के आभूषण समाज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पांचाल के नेतृत्व में प्रदान किए। इसी के अनुरूप शनिवार को निजी गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में जगदीश पांचाल के आतिथ्य में सभी नवदंपत्ति को एलईडी टीवी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अतिथि ने भगवान श्री विश्वकर्मा चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सामूहिक विवाह में सेवा देने वाले सामूहिक विवाह समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान किया। इस अवसर पर हरिकिशन पांचाल, ईश्वर लाल पांचाल, मोहनलाल पांचाल, मुकेश पांचाल, पंचाल, आदेश पांचाल आदि समाजजन उपस्थित थे। संचालन डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल ने किया।




## भाजपा नगर ने किया नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का स्वागत

**उज्जैन।** भाजपा नगर द्वारा नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का स्वागत भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी पदाधिकारियों को दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, निगम सभापति कलावती यादव ने संबोधित किया। भाजपा कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारी नगर उपाध्यक्ष विशाल शर्मा, ऋषि वर्मा, विनोद यादव, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा, सोशल मीडिया प्रभारी सुहास वैद्य, सह कार्यालय मंत्री प्रवीण सनोठिया, सह कार्यालय मंत्री संजय कोरट, सह मीडिया प्रभारी राजकुमार बंशीवाल, कविता राठौर, आई टी प्रभारी विश्वास शर्मा, आईटी सह प्रभारी निर्मल दिसावल, महाकाल दर्शन प्रभारी उज्जैन दक्षिण पंकज मिश्रा, महाकाल दर्शन प्रभारी उज्जैन उत्तर राजकुमार मालवीय का स्वागत किया।




### कार्यक्रम में यह भी रहे विशेष रूप से उपस्थित

कार्यक्रम में हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, सनवर पटेल, रमेश शर्मा, रूप पमनानी, इकबालसिंह गांधी, किशोर खंडेलवाल, राकेश पंड्या, अशोक प्रजापत, मुकेश यादव, विवेक गुप्ता, मीना जोनवाल, जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा, उमेश सेंगर, अशोक केथवास उपस्थित थे।

अधिकमास में... ज्येष्ठ मास में शिप्रा के रामघाट पर भी श्रद्धालु स्नान व दान-पुण्य के लिए पहुंचे

# उज्जैन में चौरासी महादेव, नौ नारायण मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़

**उज्जैन।** ज्येष्ठ का अधिक मास रविवार को लगते ही उज्जैन में कथा-भागवत शुरू हो गई तो श्रद्धालुओं ने सप्त सागर, चौरासी महादेव और नौ नारायणों की यात्रा शुरू कर दी। पहले दिन से ही इन मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।

अधिक मास में शुभ कार्य वर्जित हो जाते हैं और धर्म-कर्म के कार्य चलते हैं। मंदिरों में प्रतिदिन उत्सव होंगे तो विभिन्न श्रृंगार किए जाएंगे। एक महीने तक यहां धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलेगा। उज्जैन में ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन के अलावा श्रद्धालु वैष्णव मंदिरों में भी उमड़ेंगे। वहीं शिप्रा में नहान के साथ घाटों पर पंडितों से पूजन कराकर दान-पुण्य भी करेंगे। यहां पर प्राचीन सप्त सागरों, चौरासी महादेवों व नौ नारायणों के मंदिर है जहां अधिकमास में पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। अधिक मास 15 जून तक चलेगा।

पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास बताते हैं कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, शुरुआत में इस अतिरिक्त मास का कोई स्वामी नहीं था और देवताओं ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। इस तिरस्कार से दुखी होकर जब यह मास भगवान विष्णु की शरण में पहुंचा, तब श्रीहरि ने इसे अपना स्वरूप और नाम प्रदान किया।

### 84 महादेव और नारायण मंदिर की यात्रा से मिलेगा चारों धाम का पुण्य

लोकमान्यता है कि इस पवित्र मास में लीला पुरुषोत्तम नारायण मंदिर और 84 महादेव मंदिरों की यात्रा करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं को चारों धाम की तीर्थयात्रा के समान पुण्य फल मिलता है। इस दौरान यहां के प्राचीन सरोवरों, देवालयों और साधना स्थलों पर आराधना का विशेष महत्व रहेगा। वैदिक पंचांग गणना के अनुसार, चंद्र वर्ष लगभग 354 दिन और सौर वर्ष 365 दिन का होता है। दोनों के बीच लगभग 11 दिन का अंतर रहता है। यह अंतर हर वर्ष जुड़कर 32 माह, 16 दिन और 8 घंटे के अंतराल में एक पूरा अतिरिक्त चंद्र मास बन जाता है। इसी खगोलीय संतुलन को बनाए रखने के लिए हर 32 से 33 महीने में पंचांग में एक अतिरिक्त चंद्र मास जुड़ता है, जिसे अधिक मास या मलमास कहा जाता है।

### त्रिवेणी संग्रहालय में 18 मई को फ्री एंट्री

उज्जैन में महाकाल मंदिर के पास महाकाल लोक में स्थित त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय में 18 मई को फ्री एंट्री रहेगी। विश्व संग्रहालय दिवस पर यह आम श्रद्धालु एवं पर्यटकों के लिए सुबह 8 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। विश्व संग्रहालय दिवस की शुरुआत साल 1977 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ म्यूजियम ने की थी। भारत सहित यह दिवस विश्व के 140 से अधिक देशों में मनाया जाता है। प्रतिदिन त्रिवेणी संग्रहालय में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।